Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 28-11-2006

Participants : Singh Shri Manvendra

an>

Title: Reported threat by terrorists to Mathura Refinery.

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बहुत महत्वपूर्ण मामला सदन में उठाना चाहता हूं। 24 नवम्बर, 2006 को "दैनिक जागरण" अखबार में प्रकाशित समाचार 'मथुरा रिफाइनरी पर आतंकी खतरे का शक' एक बहुत ही अलार्मिंग और संगीन मामला है। इस बारे में अन्य अखबारों में भी छपा कि एक व्यक्ति ने मथुरा रिफाइनरी में बताया कि वहां उसे कुछ लाख रुपये देकर कहा गया कि रिफायनरी में एक्सप्लोसिव रखे जाएं। जिसकी इत्तिला उसने पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में कहा कि इसमें कोई तथ्य नहीं है, कोई सबूत नहीं मिल पाया। मगर उसमें लिखा था कि बाद में खुफिया तंत्र सक्रिय हुआ और तंत्र को कहीं न कहीं ाड्यंत्र की बू आती है। उसके बाद पुलिस प्रशासन को भी सतर्क किया गया। इस मुद्दे को सदन में उठाने का मेरा मुख्य तात्पर्य यह है कि न केवल मथुरा रिफाइनरी बल्कि भारतर्वा में जितनी भी रिफाइनरीज हैं, जैसा कि माननीय गृह मंत्री जी ने एक वक्तव्य दिया था कि रिफाइनरीज और अन्य इस तरह के स्थानों पर आतंकी हमले का खतरा है, यहां तक कि संसद भवन पर भी आतंकी खतरा मंडरा रहा है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सदन से कहना चाहूंगा कि रिफाइनरीज और संसद की सुरक्षा के लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है, इसे बताया जाए। यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। अगर किसी रिफाइनरी में इस तरह की घटना होती है तो वह न केवल रिफाइनरी में बल्कि वह घटना आसपास सौ कि.मी. तक रहने वाले लोगों के विनाश का कारण बन सकती है। यह मामला सारे भारतर्वा का है इसलिए मैं सदन में मांग करता हूं कि वहां रिफाइनरी की सुरक्षा के साथ हमार मंत्रालय हर रिफाइनरी की सुरक्षा को बढ़ाए, वहां की देखभाल करे कि वहां सुरक्षा पर्याप्त है या नहीं और रिफाइनरी की जो टाउनशिप है, वहां आने-जाने वाले लोगों की जांच सुरक्षा की दृटि से की जानी चाहिए अन्यथा एक बड़ी दुर्घटना आने वाले समय में घट सकती है क्योंकि आतंकवाद बढ़ रहा है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।